**5 (2) रिक्त पदों की सूचना ''रोजगार समाचार पत्र'' में प्रकाशित करना।**

लोक उद्यम ब्यूरो ने सरकारी क्षेत्र के सभी उद्यमों को एक परिपत्र जारी किया था जिसमें उनसे अपने संगठनों के रिक्त पदों की सूचना को रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशित करने का अनुरोध किया गया था। 16 फरवरी, 1981 के पत्र सं. बी.पी.ई. (आई ऐंड आर) 23 (33) 80 की प्रति सुलभ संदर्भ के लिए संलग्न है। तथापि, पिछले पाँच वर्षों के दौरान यह पाया गया कि बहुत से सार्वजनिक उद्यम रोजगार समाचार – पत्र का फायदा न उठाते हुए अपने संगठन के रिक्त पदों की सूचना अन्य दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करवा रहे हैं। यह उल्लेख किया जाता है कि रोजगार समाचार पत्र एक सरकारी प्रकाशन है और वास्तव में इसे देश के सभी बेरोजगार/अल्पनियोजित व्यक्ति पढ़ते हैं जो कहीं न कहीं अर्थात सरकारी क्षेत्र, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और यहां तक निजी क्षेत्र में भी नौकरी खोज रहे होते हैं। इस स्वरूप का एक समाचार पत्र प्रकाशित किये जाने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि विभिन्न संगठनों में जो पद रिक्त हैं, उनकी सूचना नौकरी खोज रहे पाठकों तक पहुंचे। अतः सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए रिक्त पदों की सूचना रोजगार समाचार के माध्यम से देना आवश्यक और नीतिगत विषय है। इससे, रिक्त पदों के लिए अधिक व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं। यह बात ध्यान में रखी जाए कि रोजगार समाचार, सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रकाशित किया जाता है और इसका प्रकाशन लगभग 'न लाभ न हानि' आधार पर किया जा रहा है।

2. वाणिज्य मंत्रालय आदि कृपया अपने प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को इन अनुदेशों का अनुपालन करने की सलाह दें।

**सार्वजनिक क्षेत्र के सभी उपक्रमों के मुख्य कार्यपालकों को संबोधित 26 फरवरी का पत्र संख्या बी.पी.ई. (आई एंड आर) 23 (3)/80 की प्रति** सूचना और प्रसारण मंत्रालय का प्रकाशन विभाग एक साप्ताहिक जर्नल ''इम्पलाइमेंट न्यूज/रोजगार समाचार'' अंग्रेजी, हिंदी व उर्दू में प्रकाशित करता है। इस साप्ताहिक समाचार पत्र को प्रकाशित करने का उद्देश्य, केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, स्वायत्त निकायों, राज्य सरकारों, विश्वविद्यालयों और यहां तक कि निजी क्षेत्र द्वारा विज्ञापित रिक्त पदों की सूचना को एक ही माध्यम से प्रसारित करना है। इसके तीनों संस्करणों की मिली–जुली मौजूदा बिक्री लगभग 2.9 लाख प्रतियाँ हैं। यह देश के प्रत्येक भाग में पहुंचता है और इसे प्रत्येक सप्ताह, नौकरी खोजने वाले लगभग 15 लाख व्यक्ति पढ़ते हैं। यद्यपि सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ उद्यम तो इस साप्ताहिक समाचार–पत्र में अपने रोजगार विषयक विज्ञापन प्रकाशित करवा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में ऐसे उद्यम हैं जो इस समाचार–पत्र में उक्त स्वरूप के कम विज्ञापन प्रकाशित करवाते हैं या बिल्कुल भी नहीं करवाते। अतः यह अनुरोध किया जाता है कि जिन रिक्त पदों के लिए इम्प्लाइमेंट न्यूज/रोजगार समाचार–पत्र में विज्ञापन प्रकाशित किया जाना अपेक्षित है, उनके संबंध में सरकारी क्षेत्र के उद्यम इस समाचार–पत्र में विज्ञापन प्रकाशित करवाएं। वे प्रकाशन के लिए अपने रिक्त पदों की सूचना, संपादक रोजगार समाचार, प्रकाशन प्रभाग, पियाला हाउस, नई दिल्ली को सीधे ही या अपनी विज्ञापन एजेंसियों के माध्यम से भेज सकते हैं।

**(डी.पी.ई. का तारीख 12 सितंबर, 1986 का कार्यालय ज्ञापन सं. 16/58/86 जी एम)**